18 korba-BHOOMI-pg-1_Layout 1 12/18/2023 11:44 PM Page 1


तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

कोरबा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 19 दिसंबर 2023

[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]


4 अब हेल्थ वेलनेस सेंटर कहलाएंगे आयुष्मान आरोग्य मंदिर



## खबर संक्षेप

### दो वर्ष से अनुपस्थित एएसआई खन्ना बर्खास्त

**कोरबा।** जिले में पदस्थ एक सहायक उप निरीक्षक को लंबे समय तक अनुपस्थित रहने की वजह से जांच उपरांत आईजी ने उसे हमेशा के लिए सेवामुक्त कर दिया है। बीते वर्षों में आरक्षक से लेकर प्रधान आरक्षक और पदोन्नति प्राप्त होने पर सहायक उप निरीक्षक के पद पर काम करने वाले श्याम सिंह खन्ना अब पुलिस विभाग का हिस्सा नहीं रहे। अलग-अलग कारणों से उनके साथ विवाद बना रहा। जानकारी के मुताबिक 2 वर्ष से भी लंबे समय से श्री खन्ना पुलिस की ड्यूटी करने के लिए उपस्थित नहीं हो रहे थे। लगातार अनुपस्थित रहने पर अधिकारियों की जानकारी में यह मामला आया और इसकी विभागीय जांच कराई गई। जहां पुलिस अधीक्षक ने मामले की जांच कराई और रिपोर्ट आईजी के समक्ष प्रस्तुत किया गया और आईजी ने जांच उपरांत एएसआई श्री खन्ना को सेवा से बर्खाशत कर दिया है। बतया जाता है कि कुछ माह पहले ही एएसआई श्री खन्ना ने कोतवाली में फिर से अपनी आमद दी थी लेकिन आईजी ने उसे लंबे समय से अनुपस्थित रहने की वजह से सेवा से बर्खाशत किया है।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा वाहन का हुआ आगमन

**ढेलवाडीह।** विकासखण्ड कटघोरा के ग्राम पंचायत ढेलवाडीह में विकसित भारत संकल्प यात्रा वाहन का आगमन हुआ। जिसका स्वागत जनप्रतिनिधियों व ग्रामवासियो ने किया। एलईडी के माध्यम से केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में उपस्थित ग्रामवासियों को चलचित्र के माध्यम से जानकारी दी गई। प्रधानमंत्री का संदेश सुनाया गया एवं लाभावित हितग्राहियों का स्थल पर मेरी कहानी मेरी जुबानी का वीडियो लिया गया, जो हितग्राही लाभान्वित होने से छुट गए उनके मांग पर मौके पर आवेदन लिया गया। स्वागत ब्लाक नोडल बीईओ, जनपद सीईओ, सरपंच, महिला स्व सहायता समूह सदस्य और ग्रामवासी ने किया।

### बंधवाभाठा में होगा श्रीमद्भागवत कथा महापुराण

**बरपाली।** बंधवाभाठा ग्राम में 24 से 31 दिसम्बर तक श्रीमद्भागवत



कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जाएगा जिसमे कथावाचिका किशोरी छाया दुबे पिसौद वाले के द्वारा संगीतमय भागवतकथा का रसपान कराया जाएगा। कथा के प्रारम्भ में कलश यात्रा का भी आयोजन किया जाएगा। इस कथा का आयोजन एस एस सी बंधवाभाठा द्वारा किया गया।

### कलशयात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

**कोरबा।** ईतवारी बाजार-चित्रा टाकीज के पास स्थित गार्डन में श्रीहरि परिवार द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसका कलश शोभायात्रा निकाली गई। कलश यात्रा प्रातः 10 बजे मेंहदीपुर बालाजी मंदिर से प्रारंभ होकर बुधवारी-रिकांडो रोड, टीपी नगर चौक होते हुए गार्डन पहुंची और कथा स्थल पर कलश एवं श्रीमद् भागवत ब्यासपीठ की स्थापना कौशल किंकर भूषण कृष्ण शास्त्री द्वारा एवं विद्वान पंडितों के मंत्रोंच्चार के साथ की गई। आज से श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ किया। 19 दिसंबर को कथा महात्मय एवं गोकर्णोपाख्यान के साथ श्रीमद् भागवत कथा का आरंभ होगा। शाम 4 बजे से शास्त्री द्वारा ब्याख्यान दिया जाएगा। श्रीहरि परिवार ने समस्तजनों को इस आध्यात्मिक कार्यक्रम में सादर आमंत्रित किया है और आध्यात्मिक लाभ के लिए आग्रह किया है। विशाल हनुमान की झांकी कलश यात्रा के साथ राम भक्त हनुमान की भी झांकी निकाली गई, जिसे कथा स्थल पर श्रीमद् भागवत कथा आयोजन तक के लिए स्थापित की गई।

# दिसंबर के चंद दिन शेष, शिकायत निपटाने जांच अधिकारियों को लगाना पड़ रहा चक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

दिसंबर का महीना मात्र 15 दिन ही शेष है। ऐसे में पुलिस विभाग के अधिकारी, कर्मचारी पेंडिंग मामले व शिकायत निपटाने में लगे हुए हैं तो वहीं दूसरी ओर दूरदराज से आने वाले फरियादी एसपी ऑफिस पहुंचकर हेल्प डेस्क पर शिकायत तो कर देते हैं लेकिन शिकायत में शिकायतकर्ता की सारी जानकारियां उपलब्ध नहीं रहती है कभी मोबाइल नंबर नहीं रहता है, ऐसे में जांच अधिकारी को शिकायत के निराकरण के लिए खासी मशक्कत का सामना करना पड़ता है। ऐसे दर्जनों मामले लगातार सामने आ रहे हैं जिससे जांच अधिकारियों की लगातार परेशानी बढ़ती ही जा रही है।

उल्लेखनीय है कि जब थाना व चौकी में फरियादियों की फरियाद सुनी नहीं जाती है तो अक्सर शिकायतकर्ता पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचते हैं और पुलिस अधीक्षक या अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक से मामले की शिकायत करते हैं। जहां वरिष्ठ अवसर फरियादियों की फरियाद सुनकर संबंधित थाना और चौकियों को शिकायत की कॉपी को जांच के लिए भेज देते हैं तो वहीं दूसरी ओर यह भी होता है कि पुलिस के वरिष्ठ अफसर जब पुलिस अधीक्षक कार्यालय में नहीं होते हैं तो ऐसे में शिकायतकर्ता अपना आधा अधूरा नाम या मोबाइल नंबर दर्ज भी नहीं कराते हैं और एसपी ऑफिस ⏭ शेष पेज 3 पर

## नाम- पता अधूरा होने की वजह से अक्सर होती है परेशानी

**खास बात**

- थाने से लेकर एसपी कार्यालय तक पहुंचने वाले आवेदनों में नहीं रहता है मोबाइल नंबर व अन्य जानकारियां




### हेल्प डेस्क वालों को देना होगा ध्यान

प्रतिदिन एसपी ऑफिस में शिकायतकर्ताओं की लंबी फेहरिस्त तैयार होती है। जहां लोग अक्सर पुलिस के वरिष्ठ अफसर को शिकायत करने की बजाय एसपी ऑफिस के आवक जावक शाखा में ही शिकायत की कॉपी जमा कर देते हैं और वापस आ जाते हैं जहां अधूरा पता होता है और उनका मोबाइल नंबर भी नहीं होता है। इसलिए हेल्प डेस्क में तैनात पुलिस के जवानों को ध्यान देने की जरूरत है कि शिकायतकर्ता ने अपना पूरा नाम, पता, सही लिखा है कि नहीं और उसमें मोबाइल नंबर अंकित किया है कि नहीं यदि हेल्प डेस्क में बैठे जवान द्वारा यहां इन बातों को गौर करें तो निश्चित तौर पर जांच अधिकारियों को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा और उन्हें आसानी से शिकायतकर्ता तक पहुंचने में आसानी होगी।

## अक्टूबर माह में होती थी गर्म कंबल की सप्लाई, जिले में 184 आश्रम, छात्रावास हैं संचालित

# कड़ाके की सर्दी में ठिठुर रहे आश्रम, छात्रावास के बच्चे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



फाइल फोटो

जिले में इस समय पड़ रही कड़ाके की सर्दी में लोग बिना गर्म कपड़ों को दिन में नहीं रह पा रहे हैं। ऐसे सर्दभरे मौसम में आश्रम छात्रावास के बच्चे को प्रशासन से मिलने वाले गर्म कपड़ों की बांटजोह रहे प्रतिवर्ष ठंडी शुरु होने के पूर्व अक्टूबर माह में इसकी सप्लाई शुरु हो जाती थी किंतु इस वर्ष किसी भी आश्रम छात्रावास में बीते तीन माह के अंदर गर्म कंबल का वितरण नहीं पहुंचा है। पुराने कंबल से ही छात्र काम चला रहे हैं। वहीं घर से भी गर्म कपड़े लाकर सर्दभरी रात काट रहे हैं।

कड़ाके ठंडी में जहां शहरवासी हलाकान है। शाम ढलने के पूर्व ही आलाव जलने शुरु हो जाते हैं। ऐसे समय में जिले के ग्रामीण अंचलों में आदिमजाति कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित आश्रम छात्रावासों में निवासरत छात्रों की रात कैसी गुजर रही होगी यह वहां जाकर देखी जा सकती है। पिछले वर्ष जो कंबल जून माह में उन्हें मिले थे उन्हीं कंबल के सहारे या फिर घर से लाये हुए गर्म कपड़ों के सहारे वह रात काट रहे हैं। लगभग सभी आश्रम छात्रावासों की यही स्थिति बनी हुई है। जहां इस वर्ष कंबल का वितरण हुआ ही नहीं। जबकि बीते वर्ष ही अक्टूबर माह में आश्रम छात्रावासों में कंबल और चादर की सप्लाई हो चुकी थी। जिले के अधिकांश आश्रम छात्रावास विकासखंड मुख्यालय या फिर जहां हायर सेकेंडरी स्कूल संचालित हैं वहां चल रहे जो वनों से आच्छादित है। पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड जिले का सबसे बड़ा विकासखंड है और सर्वाधिक आश्रम छात्रावास भी हैं। विषम स्थिति इसी क्षेत्र में देखी गई है।

कोरबा ब्लॉक के सतरेंगा, अजगरबहार, देवपहरी, लेमरु, श्यांग इसी तरह करतला विकासखंड में भी दूरस्थ क्षेत्रों में भी प्री मैट्रिक, पोस्ट मैट्रिक बालक बालिका 50 व 100 सीटर वाले आश्रम छात्रावास संचालित हैं। जो आदिमजाति कल्याण विभाग के अंतर्गत आते हैं जिनकी पूरी जिम्मेदारी विभाग ही उठा रहा है। वर्तमान में आश्रम छात्रावासों की जो जानकारी ली गई है वहां से यही जानकारी मिली है कि गर्म कपड़े का कहीं कहीं आभाव नजर आ रहा है। इसकी पुष्टि कुछ अधीक्षकों ने भी की है, उनकी मानें तो अक्टूबर माह में कंबल का वितरण हो जाता था।

### जिले में संचालित आश्रम छात्रावास संख्यावार

| संस्था | बालक | बालिका |
|---|---|---|
| प्री मैट्रिक अनुसूचित जनजाति छात्रावास | 76 | 16 |
| प्री मैट्रिक अनुसूचित जाति छात्रावास | 06 | 10 |
| पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जनजाति छात्रावास | 07 | 06 |
| पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति छात्रावास | 01 | 01 |
| प्री मैट्रिक पिछड़ा वर्ग छात्रावास | 00 | 01 |
| अनुसूचित जनजाति आश्रम (प्रा. स्तर) | 26 | 17 |
| अनुसूचित जनजाति आश्रम (मा. स्तर) | 06 | 10 |
| योग | 122 | 61 |

### खादी ग्रामोद्योग से सप्लाई

विभागीय योजनाओं के तहत आदिमजाति कल्याण विभाग के आश्रम छात्रावासों में गर्म कपड़ों की सप्लाई खादी ग्रामोद्योग के द्वारा की जाती है। इसके लिए आदिमजाति कल्याण विभाग के द्वारा आर्डर दिया जाता है। वह आर्डर इस वर्ष विभाग के द्वारा चुनावी कार्यों में व्यस्त रहने के कारण दिया ही नहीं गया। यही कारण है कि गर्म कपड़ों की सप्लाई जिसमें कंबल प्रमुख रुप से शामिल है नहीं हुई और अब चूंकि कड़ाके की ठंड पड़ रही है जब तक आर्डर देंगे और कब सप्लाई होगी यह भी अधर में लटका हुआ है।

### नहीं हुई रायपुर से सप्लाई

रायपुर से जो कंबल की सप्लाई होती थी वह इस वर्ष नहीं हुई है लेकिन स्थानीय स्तर पर जहां से डिमांड आई वहां कंबल भेजा गया है। इसके अलावा पुराने कंबलों को सफाई कर दोबारा उपयोग करने के निर्देश पहले ही दे दिया गया है। कुछ छात्रावासों में स्वेटर भी दिया गया है।

-श्रीकांत कसेर,
सहायक आयुक्त आदिमजाति कल्याण विभाग कोरबा

## निर्मोही मां का नहीं चल सका पता

# इलाज के दौरान मासूम की मौत


मृत नवजात।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बात**

- कड़कड़ाती ठंड में नवजात को बिना कपड़ों के छोड़ दिया था निर्मोही ने

पिछले दिनों एक निर्मोही मां अपने 7 माह के नवजात बच्चे को मातृछाया में छोड़कर चली गई थी। जहां पिछले 7 दिनों से नवजात बच्चे का इलाज चल रहा था जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

ज्ञात रहे कि 7 दिनों पूर्व समय से पहले जन्मे 7 माह के बच्चे को एक निर्मोही मां ने इस कडक़ड़ाती ठंड में जब बच्चे को मातृछाया में लावारिस हालत में छोड़कर चली गई थी। जब मातृछाया प्रबंधन को इसकी भनक लगी तो उन्होंने तत्काल नवजात की देखभाल शुरु की और उसके बेहतर स्वास्थ्य के लिए शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां मासूम की इलाज के दौरान मौत हो गई है। मासूम बच्चे को किसने छोड़ा है यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। मामले की छानबीन की जा रही है। जांच के बाद ही स्पष्ट होगा कि किस निर्मोही मां ने बच्चे को मौत के मुंह में धकेला है। उस वक्त मासूम को बिना कपड़ों के छोड़ जाना न सिर्फ निर्दयता को प्रदर्शित किया बल्कि नवजात बालिका शिशु के प्रति उसके लगाव नहीं होना भी दर्शित हुआ। बालिका के जन्म को प्रोत्साहित करने के लिए भले ही सरकार कई तरह की योजनाएं चला रही है और लाभ देने की बात होती है लेकिन अभी भी कुछ ऐसे लोग है जो बालिका के जन्म होने पर उसे उसके हाल पर छोड़ देते हैं।

# केंदई में हाथियों का उत्पात जारी अरहर की फसलों को रौंदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


फाइल फोटो

कटघोरा वनमंडल के अंतर्गत केंदई रेंज के कापानवापारा व बेलबंधा पहाड़ में 34 हाथियों का झुण्ड विचरण कर रहा है। हाथियों के इस झुण्ड ने आमाटिकरा गांव में उत्पात मचाते हुए दो ग्रामीणों के अरहर फसल को रौंद दिया, जिससे उन्हें हजारों रुपए का नुकसान उठाना पड़ा है। आमाटिकरा में हाथियों द्वारा फसल रौंदे जाने की सूचना मिलने पर वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचकर नुकसानी के आंकलन में जुट गया है। वन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक 32 हाथियों का झुण्डा बेलबंधा पहाड़ में है जबकि दो हाथी कापानवापारा जंगल में घूम रहे हैं। इन्हीं हाथियों ने आमाटिकरा पहुंचकर खेतों में उत्पात मचाया है। बड़ी संख्या में क्षेत्र में हाथियों के विचरण करने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। वन विभाग द्वारा हाथियों की निगरानी करने के साथ ही कापानवापारा व आसपास के गांवों में मुनादी करा दी गई है। ग्रामीणों से कहा गया है कि क्षेत्र में बड़ी संख्या में हाथियों की आमद हुई है और जंगल में लगातार विचरण कर रहे हैं।

# नशें में धुत कार चालक ने तीन कार दो स्कूटी को मारी टक्कर, हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बात**

- दर्री पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ दर्ज किया मामला



दुर्घटनाकारित कार।


दुर्घटनाग्रस्त कार।

नशे में धुत्त एक कार चालक ने जमनीपाली के एनटीपीसी गेट से पहले एक नहीं दो नहीं बल्कि दो स्कूटी को अपनी जद में ले लिया। घटना का सुखद पहलू रहा कि कोई बड़ी जनहानि नहीं हुई लेकिन इस हादसे में वाहन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। पुलिस ने कार चालक जयशंकर गुप्ता के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

कोरबा-दर्री मुख्य मार्ग पर जमनीपाली में यह दुर्घटना सोमवार की सुबह लगभग 11 बजे घटित हुई। फोरलेन रास्ते पर भवानी बाजार के सामने स्वीफ्ट कार क्रमांक यूपी 16 एक्यू 9247 के चालक जयशंकर गुप्ता ने बारी-बारी से 5 गाडिय़ों को अपनी चपेट में लिया। उत्तरप्रदेश के नोएडा जिले में पंजीकृत उक्त कार के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए ⏭ शेष पेज 3 पर

## केंद्रीय कोयला खान मंत्रालय ने शुरु की प्रक्रिया

# देश की 26 खदानों के लिए कल लगेगी बोली, प्रदेश की 8 खदानें शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


फाइल फोटो

कोयला मंत्रालय द्वारा देश की 26 कोयला खदानों के लिए कल नीलामी करने जा रहा है। इन खदानों में छग की 8 कोयला खदानें शामिल हैं। वाणिज्यिक कोयला खदान नीलामी के 9वें दौर के शुभारंभ के साथ एक और महत्वपूर्ण कदम उठाने के लिए तैयार है। केंद्रीय रेलवे, कोयला और खान राज्य मंत्री रावसाहेब पाटिल दानवे इस अवसर पर सम्मानित अतिथि होंगे।

वर्ष 2014 के बाद से कोयला क्षेत्र में, मंत्रालय के सुधारों और उपलब्धियों ने घरेलू कोयला उत्पादन बढ़ाने, आयात निर्भरता को कम करने और देश को कोयला क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने पर ध्यान केंद्रित किया है। आगामी 9वें दौर की वाणिज्यिक कोयला खदान नीलामी, पिछली सफल नीलामियों के मद्देनजर, मंत्रालय की इस क्षेत्र को आगे बढाने की उसकी इस क्षेत्र के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है। आगामी दौर में कुल 26 कोयला खदानों की पेशकश की जाएगी, जिसमें सीएम (एसपी) अधिनियम 2015 के तहत 3 खदानें और एमएमडीआर अधिनियम 1957 के तहत 23 खदानें शामिल हैं। इनमें से 7 कोयला खदानों की पूरी तरह से पहचान कर ली गई हैं, जबकि 19 खदानों को आंशिक रूप से पहचाना गया है। इसके अतिरिक्त, वाणिज्यिक कोयले के सातवें दौर के दूसरे प्रयास के तहत, 5 कोयला खदानों की पेशकश की जा रही है, जिसमें चार सीएमएसपी कोयला खदान और एक एमएमडीआर कोयला खदानें शामिल हैं। इनमें से चार पूरी तरह से पहचान ली गई हैं और एक खदान को आंशिक रूप से पहचाना गया है। पिछली वाणिज्यिक कोयला खदान नीलामी के विपरीत, कोयले की बिक्री या उपयोग पर कोई प्रतिबंध नहीं है। विशेष रूप से, भागीदारी के लिए किसी भी तकनीकी या वित्तीय बाधाओं को दूर करते हुए पात्रता मानदंड को समाप्त कर दिया गया है।

### इन खदानों की होगी नीलामी

| | |
|---|---|
| छत्तीसगढ | 8 |
| झारखंड | 5 |
| मध्य प्रदेश | 12 |
| तेलंगाना | 1 |

### नशा मुक्त सामाज शिविर का समापन 21 को

**कोरबा।** नोडल शाला स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय बिंझरा में राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष संकुल भांवर में थीम नशा मुक्त समाज के लिए युवा के तहत 15 से 21 दिसंबर तक नोडल प्राचार्य एवं संरक्षक मनोज कुमार टंडन के संरक्षण में आयोजित की गई है। शिविर के मुख्य अतिथि श्रीमती शिवकला कंवर जिला पंचायत अध्यक्ष व अध्यक्षता सरपंच रामशरण सिंह कंवर ग्राम पंचायत भांवर उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथियों में श्रीमती संतोषी राजपेंद्रो अध्यक्ष जनपद पंचायत पोड़ी उपरोड़ा, अशोक चंद्राकर विकासखंड शिक्षा अधिकारी, गुलाब दास महंत बीआरसीसी पोड़ी उपरोड़ा, सुरेश कुमार पोर्ते, गजेंद्र प्रजापति एसएमडीसी अध्यक्ष बिंझरा, श्रीमती शिवकुमारी उइके उपस्थित थीं।

18 korba-BHOOMI-pg-2_Layout 1 12/19/2023 12:12 AM Page 1





# बघीरा का जबर्दस्त टीजर रिलीज...

**मुंबई।** होमबेल फिल्म्स, भारतीय फ़िल्म इंडस्ट्री में सबसे अच्छे कंटेंट निर्माता में से एक है। उन्होंने फैंस और दर्शकों को केजीएफ चैप्टर 1 और 2 और वैश्विक संसेशन कंटारा जैसे विविध कंटेंट के साथ एंटरटेन किया है। अब प्रोडक्शन हाउस ने अपने फिल्मोग्राफी के खजाने से एक और रोमांचक प्रोजेक्ट के टीजर से पर्दा उठाया है और उन्होंने अपने अन्य महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट "बघीरा" का टीज़र लॉन्च किया है। बघीरा के एक मिनट 26 सेकंड लंबे एक्शन-पैक्ड टीजर को रिलीज किया, जो हमें फिल्म की दुनिया की एक दृष्टि प्रदान करता है।

लाइफ Style

# आलिया

## बेटी राहा को छोड़ना आसान नहीं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट ने अपनी बेटी राहा के सेपरेशन एंग्जाइटी पर खुलकर बात की है और बताया है कि कैसे उनके लिए अपनी खुशियों को छोड़ना कभी आसान नहीं होता।

आलिया और एक्टर रणबीर कपूर ने 14 अप्रैल 2022 को मुंबई में अपने वास्तु अपार्टमेंट वाले घर में हिंदू रीति-रिवाज से शादी की। नवंबर 2022 में उनके घर में बेटी राहा का जन्म हुआ। एक्ट्रेस आलिया ने अपने फैंस के साथ 'आस्क मी एनीथिंग' सेशन किया। एक यूजर ने पूछा, क्या आप अभी भी राहा के लिए सेपरेशन एंग्जाइटी महसूस करते हैं। आलिया ने फैन को जवाब देते हुए कहा, उसे छोड़ना कभी आसान नहीं होता। लेकिन मुझे लगता है कि इसे बदलने में थोड़ा समय लगेगा। यह देखते हुए कि मेरे दूर रहने पर भी वह परिवार के साथ है, मुझे राहत महसूस कराता है। एक्ट्रेस ने अपनी बच्ची के कुछ निकनेम भी साझा किए, राहु, रारा लॉलीपॉप। इसके अलावा, एक फैन ने उनसे पूछा, आप चिंता से कैसे निपटती हैं? उन्होंने कहा, हम सभी में कुछ ऐसी चीजें होती हैं, जो हमारी चिंता को बढ़ा सकती हैं, उदाहरण के लिए मैं खुद को किसी अचानक बदलाव या ऐसी स्थिति से बहुत परेशान हो जाती हूं, जिस पर मेरा कोई नियंत्रण नहीं है। लेकिन मुझे यह समझने में काफी समय लग गया। आलिया ने आगे कह, कभी-कभी आप जो महसूस करते हैं उसे नियंत्रित करने की कोशिश करना फायदे से ज्यादा नुकसान पहुंचाता है।




हॉलीवुड मसाला



# स्टनिंग लुक से बांधा समा

**लॉस एंजेलिस।** एलेसेंड्रा एम्ब्रोसियो हॉलीवुड की बोल्ड एंड ग्लैमरस एक्ट्रेसेस में से एक हैं, जो अक्सर अपने लुक्स को लेकर चर्चा में रहती है। हाल ही में इस सुपरमॉडल को मियामी में एक पार्टी को अटैंड करते हुए स्पॉट किया गया, जहां वह अपने लुक से लोगों का खूब ध्यान खींचती नजर आईं। पार्टी से एक्ट्रेसेस की तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। लुक की बात करें तो एक्ट्रेस इस दौरान ऑफ व्हाइट सीक्विन्ड मिनीड्रेस में काफी स्टनिंग दिखीं।




# द कर्स ओटीटी पर 29 को होगी रिलीज

**लॉस एंजेलिस।** अमेरिकी सीरीज द कर्स अब ओटीटी पर रिलीज होने जा रही है। यह आठ एपिसोड का एक ब्लैक कॉमेडी थ्रिलर शो है। 'द कर्स' 29 दिसंबर को लायंसगेट प्ले पर रिलीज होगी। इस सीरीज का निर्देशन नाथन फील्डर, नाथन ज़ेलनर और डेविड ज़ेलनर ने किया है। एम्मा स्टोन बेनी सफ़ी, हिकमा वारसेम, क्रिस्टोफर डी काल्डेरन, बरखाद आब्दी, सिडनी और सामंथा एशले के साथ अभिनय किया हैं। द कर्स सीरीज़ की कहानी तब शुरू होती है जब एशर और व्हिटनी की शादी को एक साल हो चुका है और दोनों उत्तरी न्यू मैक्सिको के एस्पनोला शहर में रहते हैं। इस तथ्य से निराश होकर कि यह एक अत्यधिक प्रदूषित क्षेत्र है, दंपति आशेर के दोस्त डौगी शेक्टर की मदद से एक अभियान चलाते हैं।



# घूमर मेरे कॅरियर का टर्निंग पाइंट...

**मुंबई।** बॉम्बे बेगम्स, हड्डी जैसे प्रोजेक्ट्स का हिस्सा रहीं एक्ट्रेस और कोरियोग्राफर इवांका दास ने अभिषेक बच्चन और सैयामी खेर स्टारर फिल्म 'घूमर' को अपने करियर का महत्वपूर्ण मोड़ बताया और उनका मानना है कि इसमें शानदार स्क्रीन टाइम बिताने के लिए मैं आभारी हूं। इवांका ने कहा कि जहां उनके सभी प्रोजेक्ट उनके दिल के करीब रहे हैं, वहीं 'घूमर' उन्हें सबसे ज्यादा पसंद है। वह कहती हैं कि इससे उनके लिए बहुत सी चीजें बदल गईं। इवांका ने कहा, मेरा सबसे प्रमुख प्रोजेक्ट घूमर है और मुझे लगता है कि यह टर्निंग प्वाइंट था। 'घूमर' मेरी पहली फिल्म नहीं है। मैंने पहले भी काम किया है, लेकिन मैं आभारी हूं और 'घूमर' में मुझे बहुत अच्छा स्क्रीन टाइम मिला है। यह बहुत अच्छा था और जो कुछ भी मेरे रास्ते में आ रहा है उसके लिए मैं आभारी हूं।



# शूटिंग के दौरान हुए वरुण घायल...

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर वरुण धवन इन दिनों अपने बहुप्रतीक्षित प्रोजेक्ट वीडी 18 की शूटिंग में बिजी हैं। अभिनेता ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर अपनी एक तस्वीर साझा की है। वीडी 18 की शूटिंग के वक्त वरुण धवन एक बार फिर खुद को घायल कर लिया है। उनका पैर सूजा नजर आ रहा है। साथ ही पैर पर लाल घाव का निशान भी दिखाई दे रहा है। वरुण ने खुलासा किया है कि लोहे की रॉड से पैर टकराने के बाद वह घायल हो गए हैं। वरुण धवन ने अगस्त में वीडी 18 की शूटिंग शुरू कर दी थी। फिल्म का निर्देशन कलीस कर रहे हैं। वहीं, फिल्म का निर्माण मुराद खेतानी और एटली द्वारा किया जाएगा। एक्टर अपने बिजी शेड्यूल से समय निकालकर सोशल मीडिया के जरिए अपने फैंस के साथ अपडेट शेयर करते रहते हैं।

## रुबीना ने जुड़वा बेटियों को दिया जन्म..?



**मुंबई।** टीवी अदाकारा रुबीना दिलैक और अभिनव शुक्ला अपनी लाइफ में एक कदम आगे बढ़ने की तैयारी में हैं। फैंस को जब से पता चला था कि रुबीना मां बनने वाली हैं, सभी बेहद खुश हो गए थे, और अब सभी को गुड न्यूज का इंतजार है। खबर आ रही है कि रुबीना और अभिनव पेरेंट्स बन गए हैं। लेकिन इस बात का खुलासा अभी एक्ट्रेस की ओर से नहीं हुआ है। हालांकि इस बात की जानकारी एक्ट्रेस की पायलट ट्रेनर ने की और बताया कि रुबीना ने दो जुड़वा बेटियों को जन्म दिया है। बाद में इस पोस्ट को डिलीट कर दिया गया। ऐसे में अभी तक इस बात की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

# 'पुष्पा- द राइज' के दो साल पूरे, रश्मिका ने जताया आभार

**मुंबई।** अपनी फिल्म 'पुष्पा-द राइज' की रिलीज के रविवार को दो साल पूरे होने पर, श्रीवल्ली के रूप में अपने परफॉर्मेंस से सुर्खियां बटोरने वाली एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना ने कहा कि वह आभारी हैं। रश्मिका ने कहा, 'पुष्पा- द राइज' की रिलीज के दो अविश्वसनीय वर्ष पूरे होने पर हम शब्दों से परे आभारी हैं। आप सभी के प्यार और समर्थन के लिए धन्यवाद, जो मुझे हमेशा आपसे मिला है। यह वास्तव में बहुत ही अवास्तविक लगता है। एक्ट्रेस, जो ब्लॉकबस्टर 'एनिमल' का भी हिस्सा हैं, ने अपने किरदार गीतांजलि के बारे में उल्लेख किया और कहा कि ये दो भूमिकाएं उनके लिए वास्तव में खास हैं। उन्होंने कहा, श्रीवल्ली से गीतांजलि तक, किरदार मेरे दिल के सबसे करीब हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो, रश्मिका वर्तमान में 'पुष्पा 2 - द रूल' की शूटिंग कर रही हैं, इसके अलावा उनके पास डी-51, द गर्लफ्रेंड, रेनबो और चावा भी हैं। 'पुष्पा द राइज' ने महामारी के बाद बॉक्स ऑफिस रिकॉर्ड तोड़ दिए थे। फिल्म ने 365 करोड़ से ज्यादा की कमाई की थी। इसके साथ ही फिल्म साल 2021 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई थी। इसमें रश्मिका के किरदार को बहुत सराहा गया था।



## शांतनु से अलग हुईं सारा की राहें...



**मुंबई।** ग्लैमर वर्ल्ड में रिश्ते बनते और बिगड़ते देर नहीं लगती। अब तक इंडस्ट्री से कई ऐसे कपल्स हैं, जो एक दूजे संग कई सालों तक रिलेशन में रहने के बाद अलग हो गए। अब हाल ही में टीवी इंडस्ट्री की एक और खूबसूरत जोड़ी का अंत हो गया है। एक्ट्रेस सारा अली खान का उनके बॉयफ्रेंड शांतनु राजे से ब्रेकअप हो गया है। इस बात की जानकारी एक्ट्रेस ने खुद सोशल मीडिया के जरिए फैंस को दी है। सारा खान ने इंस्टाग्राम की स्टोरी पर अपने ब्रेकअप की घोषणा करते हुए लिखा, आपसी सहमति से मैंने और मेरे पार्टनर ने एक-दूसरे से अलग होने का फैसला कर लिया है।

# श्रुति ने किया चौंकाने वाला खुलासा

**मुंबई।** अभिनेत्री श्रुति हासन इन दिनों अपनी आगामी पैन इंडिया एक्शन फिल्म को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में श्रुति ने शराब के सेवन करने के बारे में कई चौंकाने वाले खुलासे किया है। श्रुति ने शराब का सेवन न करने को लेकर कहा कि उन्हें कोई पछतावा नहीं है। उन्होंने कहा, मैं आठ साल से शराब का सेवन नहीं कर रही हूं, इसलिए मैं शांति से अपनी लाइफ जी रही हूं। लेकिन जब आप शराब नहीं पी रहे हों, तो पार्टी में लोगों को बर्दाश्त कठिन हो जाता है। हालांकि, मुझे इस बात का कोई पछतावा नहीं है कि मैं कोई हैंगओवर नहीं कर रही हूं। श्रुति ने उन दिनों के बारे में बताया जब उन्हें शराब और पार्टी करने की आदत हो गई थी। उन्होंने कहा, मैंने कभी ड्रग्स का सेवन नहीं किया है।



# तृप्ति की जिंदगी में मिस्ट्री मैन की एंट्री

**मुंबई।** अभिनेत्री तृप्ति डिमरी इस वक्त वेडिंग सीजन का लुत्फ उठा रही हैं। खुद एक्ट्रेस अपने इंस्टाग्राम पर अपनी एक से बढ़कर एक फोटो फैंस के साथ शेयर कर रही हैं। दरअसल फोटो में एक्ट्रेस किसी मिस्ट्री मैन के साथ नजर आ रही हैं। फिर क्या था, फोटो देखते ही फैंस ने एक्ट्रेस के रिलेशनशिप स्टेटस पर सवाल खड़े करना शुरू कर दिया। लोगों ने तो ये तक दावा कर दिया कि एक्ट्रेस इस मिस्ट्री मैन को डेट कर रही हैं। बता दें कि जिस शख्स के साथ एक्ट्रेस नजर आ रही हैं उनका नाम सैम मर्चेंट है। सैम ने अपने करियर की शुरुआत मॉडल के तौर पर की थी। यही नहीं सैम ने साल 2002 में ग्लैडरैग्स मैनहंट कॉम्पिटीशन में खिताब भी जीता था। अब सैम गोवा में अपने खुद का क्लब और होटल रन कर रहे हैं।



# उभरते सितारे : 2024 में ये नए कलाकार करेंगे अपना डेब्यू

*मुंबई। जैसा कि हम 2024 की सिनेमाई पेशकशों का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, नए चेहरों की एक लहर सिल्वर स्क्रीन पर आने के लिए तैयार है, जो अपनी प्रतिभा और करिश्मा से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने का वादा करती है। आइए भारतीय सिनेमा की दुनिया में अपनी पहचान बनाने के लिए तैयार कुछ रोमांचक नवोदित कलाकारों पर करीब से नज़र डालें।*

### शनाया कपूर - वृषभ



बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता संजय कपूर की बेटी शनाया कपूर बहुप्रतीक्षित फिल्म वृषभ से अपना डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। अपनी वंशावली और अभिनय के प्रति स्पष्ट जुनून के साथ, शनाया से बड़े पर्दे पर एक अनोखा आकर्षण लाने की उम्मीद है।

### राशा थडानी - अभिषेक कपूर की अनाम फिल्म



अभिषेक कपूर के आगामी प्रोजेक्ट में अमन देवगन के साथ राशा थडानी भी शामिल होंगी। एक अनुभवी निर्देशक के मार्गदर्शन में इन नवोदित कलाकारों का सहयोग एक ऐसी फिल्म का संकेत देता है जो प्रतिभा और शिल्प कौशल के मिश्रण से विविध दर्शकों को पसंद आ सकती है।

### इब्राहिम अली सरज़मीन



पटौदी-खान परिवार की विरासत को आगे बढ़ाते हुए, इब्राहिम अली खान ₹सरज़मीन₹ से अपनी शुरुआत करने के लिए तैयार हैं। देशभक्ति की भावना जगाने वाले शीर्षक के साथ, यह फिल्म इब्राहिम को राष्ट्रीय पहचान के विषयों की खोज करते हुए अपनी अभिनय क्षमता दिखाने के लिए एक मंच प्रदान कर सकती है।

### पश्मीना रोशन - इश्क विश्क रिबाउंड और हीरो नं. 1 टाइगर श्रॉफ के साथ



प्रतिष्ठित रोशन परिवार से आने वाली पश्मीना दोहरी शुरुआत के लिए तैयार हो रही हैं। उनका पहला उद्यम, ₹इश्क विश्क रिबाउंड₹, एक रोमांटिक यात्रा का वादा करता है, जबकि टाइगर श्रॉफ के साथ उनकी अनाम फिल्म उत्साह की एक अतिरिक्त परत जोड़ती है।

जैसे-जैसे रिलीज की तारीखें नजदीक आ रही हैं, सिनेप्रेमी निस्संदेह इन होनहार सितारों के उद्भव और उनके द्वारा बड़े पर्दे पर जीवंत की जाने वाली अनूठी कहानियों को देखने के लिए उत्साहित हैं। अपने उद्यमों को समर्थन देने वाले स्थापित नामों के साथ, ये नवोदित कलाकार बॉलीवुड के भविष्य को आकार देने और दर्शकों के दिलों पर एक अमिट छाप छोड़ने के लिए तैयार हैं।

## खबर संक्षेप




### व्यवहार न्यायालय पाली में नेशनल लोक अदालत में निपटाए गए 119 प्रकरण

**पाली।** वर्ष के चतुर्थ नेशनल लोक अदालत का आयोजन व्यवहार न्यायालय पाली में न्यायिक मजिस्ट्रेट श्वेता मिश्रा की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें राजीनामा योग्य आपराधिक प्रकरण, जमीन संबंधी व्यवहारवाद, घरेलू हिंसा, चेक बाउंस इत्यादि के प्रकरण लगाये गए थे। नेशनल लोक अदालत में राजीनामा हेतु कुल 385 प्रकरण खंडपीठ के समक्ष रखा गया था, इसमें नियमित दाण्डिक 93 प्रकरण, चेक बाउंस के 1 प्रकरण, तथा संक्षिप्त विचारण के कुल 50 प्रकरण निराकरण किए गए। लोक अदालत में कुल 243875/- रूपये वसूल किए। पांच साल से अधिक पुराने कुल 2 प्रकरण निराकृत किए गए, उक्त नेशनल लोक अदालत में न्यायिक मजिस्ट्रेट माननीया श्वेता मिश्रा, खंडपीठ के सदस्य गोविन्द वैष्णव, अधिवक्ता तिरथ डिक्सेना एवं समस्त अधिवक्तागण, अधिवक्ता संघ पाली तथा न्यायालय के कर्मचारी नाजिर धरम सिंह कंवर, रतन श्रीवास्तव, भागवत प्रसाद साहू, निर्मलदीपचंद कुजूर, रमेश कुमार मरकाम, सुरेन्द्र दुबे, पीएलव्ही श्रीमती प्रतीक्षा शर्मा, श्रीमती बचन मानिकपुरी एवं बैंक, बिजली विभाग के अधिकारी, कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### इंडियन मीडिया जर्नलिस्ट्स यूनियन की जिला इकाई गठित





**कोरबा।** इंडियन मीडिया जर्नलिस्ट्स यूनियन की जिला इकाई का गठन किया गया है। वरिष्ठ पत्रकार मोहम्मद सादिक शेख को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। जिला महासचिव (संगठन) कैलाश यादव बनाए गए हैं। यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष अनिल पुसदकर एवं महासचिव नौशाद खान की अनुशंसा से जिला कार्यकारिणी समिति की घोषणा की गई है। जिला कार्यकारिणी समिति के पदाधिकारी जिनमें अध्यक्ष मोहम्मद सादिक शेख, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय क्षेत्रपाल, उपाध्यक्ष सुधीर राजपूत, लक्ष्मीकांत जोशी, रणविजय सिंह, कोषाध्यक्ष अब्दुल असलम, महासचिव (संगठन) कैलाश यादव, महासचिव अरविंद पांडेय, सुरेश देवांगन, नवाब हुसैन, भगवती भंडारी, सचिव सुवेंदु शीट, डॉली सिंह, नीलम दास पड़वार, रमेश वर्मा, विकास पांडेय, लक्ष्मण महंत, जिला कार्यकारिणी सदस्य शैलेष अग्रवाल, असलम शेख, गुणेश्वर ताम्रकार।

### केपी पब्लिक स्कूल तुमान में मनाया गया वार्षिक उत्सव



**भैसमा।** केपी पब्लिक इंग्लिश मीडियम स्कूल तुमान में वार्षिकोत्स्व कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि श्रीमती सुनीता कंवर अध्यक्ष जनपद पंचायत करतला, विशिष्ट अतिथि श्रीमती देवी बाई राजवाड़े सदस्य जनपद पंचायत करतला एवं कुलसिंह कंवर ब्लॉक अध्यक्ष सरपंच संघ कोरबा के विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। केपी पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर कीर्ति प्रकाश जायसवाल, प्राचार्य एस एस तोमर, समिति के अध्यक्ष रामनरेश जायसवाल, सचिव किशन साव, सदस्य बलराम दास वैष्णव, सदस्य रमजान खान ने अतिथियों के साथ मां सरस्वती के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। सभी राज्यों के प्रसिद्ध लोक नृत्य की सामूहिक प्रस्तुति विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा दी गई। कार्यक्रम को तिलकेजा विद्यालय के प्राचार्य एम आर श्रीवास, कराइनारा के प्राचार्य एस कंवर, प्राचार्य आर के श्रीवास्तव हायर सेकेण्डरी स्कूल सरगबुंदिया, प्राचार्य पी पटेल हायर सेकेंडरी स्कूल तुमान मिडिल स्कूल तुमान के प्रधानपाठक डी एस पटेल एवं सेवानिवृत प्रधानपाठक शंकर दयाल साव ने संबोधित करते हुए केपी पब्लिक स्कूल के गतिविधियों को सराहा। विद्यालय के प्राचार्य एस एस तोमर ने बताया कि यहां अच्छे प्रशिक्षित शिक्षक हैं जो एक-एक बच्चों को अच्छे से अध्यापन कराते हैं।

### घर से बाहर निकलते ही बहनों को हाथी ने उठाकर पटका

**अंबिकापुर।** शौच के लिए सुबह सुबह घर से बाहर निकलते ही दो बहनों का हाथी से सामना हो गया। घर के बाहर मौजूद हाथी ने दोनों बहनों को उठाकर पटक दिया जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल बहनों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि जशपुर जिले के सन्ना अंतर्गत कांसाबेल उदारी झरिया निवासी 42 वर्षीया गौरी पति सुमित राम चौहान अपनी छोटी बहन इन्द्रकुमारी के साथ आज तड़के शौच करने के लिए घर से बाहर जा रही थी।

## सतनाम प्रांगण में धूमधाम से मनाया गया गुरुपर्व

# मनखे मनखे एक समान का संदेश दिया गुरु घासीदास बाबा ने



कार्यक्रम में शामिल कोरबा विधायक लखनलाल देवांगन।



कार्यक्रम में शामिल पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मनखे मनखे एक समान का संदेश देने वाले गुरु घासीदास बाबा की 267वीं जन्म जयंती 18 दिसंबर को सतनाम प्रांगण टीपी नगर में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री जयसिंह अग्रवाल और कार्यक्रम की अध्यक्षता शहर विधायक लखनलाल देवांगन मंचस्थ रहे।

कोरबा सतनामी कल्याण समिति के द्वारा गुरु घासीदास बाबा की जन्म जयंती समारोह सतनाम प्रांगण में मनाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के अति विशिष्ट अतिथि विधायक फुलसिंह राठिया, प्रेमचंद पटेल, महापौर राजकिशोर प्रसाद ने बाबा गुरुघासीदास की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर जयंती समारोह का शुभारंभ किया। अतिथियों ने कहा कि बाबा गुरुघासीदास ने समाज में व्याप्त कुरुतियों को दूर करने के साथ सभी व्यक्तियों को समान रुप से एक ही बताया और मनखे मनखे एक समान का एक संदेश समाज में दिया। बाबा का यही संदेश आज समाज में सर्वव्यापी है और समाज उनके संदेशों को आत्मसात कर विकास कर रहा है। कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल, एसके बंजारा, राजेश आदिले, डा.अविनाश मेश्राम, रविकांत जाटवर, शशिकांत भास्कर, भुनेश्वर पाटले, यशवंत जोगी, सुनील टांडे, सोमनाथ दाहिर, जेके लहरे, कीर्तनलाल डहरिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ चौका आरती के साथ समिति के अध्यक्ष ने किया। ज्ञान गंगा करही पंथी के द्वारा प्रस्तुति दी गई। सभी अतिथियों ने अपने अपने उद्बोधन में गुरु के बताए मार्ग में चलने को कहा और सत्य की खोज करने के कारण गुरु को सतखोजी बाबा कहने लगे। इस अवसर पर कोरबा सतनामी कल्याण समिति के पदाधिकारी अध्यक्ष यूआर महिलांगे, उपाध्यक्ष विजय दिवाकर, सचिव जीएल बंजारे, आरडी भारद्वाज, नारायणलाल कुर्रे, आरपी खांडे, रामचंद्र पाटले, कोषाध्यक्ष अनिकेत पाटले, सहसचिव सत्येन्द्र डहरिया, कार्यकारिणी सदस्य विनोद डहरिया, विजय आदिले, रामचंद पाटले, त्रिवेंद्र आदिले, धर्मेंद्र कोशले, दयाराम बघेल, निर्मल किरण, मनोज मनहर, मनीराम जांगड़े, रवि खुंटे, श्रीमती सुनीता पाटले, नरेन्द्र कुमार रात्रे, मनोरंजन दिवाकर सहित समाज के सभी लोग उपस्थित थे।

### गुरु की चौका से घर होते है शुद्ध

सतनाम के संदेशा गुरु गद्दी पूजा पार्टी चौका आरती सर्वमंगला नगर कोरबा के राजमहंत संतदास दिवाकर पूजा प्रभारी सतनाम प्रांगण के द्वारा चौका पूजा आरती किया गया। जिसमे आरएल पाते, बसंत टंडन, रोशन दिवाकर, जगदीश चंद्राकर, कुंज बिहारी ओग्रे ने सहयोग दिया। गुरु को गद्दी में आशित कर चौक पुरकर पूजा आरती की जाती है। चौका आरती से सतनामी समाज की आस्था जुड़ी हुई है। गुरु की चौका पूजा आरती से अशुद्ध घर शुद्ध हो जाता है।

### जैतखाम की पूजा करते रहे लोग

सतनामी समाज की आस्था के प्रतीक स्वेत जैतखाम में गुरु के जन्मदिन में आज प्रातः 4 बजे युवा टीम के द्वारा महाआरती की गई। सुबह से ही लोगो के द्वारा पूजा अर्चना की भीड़ लगी रही। गुरु के जन्मदिन पर मालपुआ का भोग लगाकर उनको याद किया गया।

### जैतखाम में चढ़ाया गया पालो

सतनामी कल्याण समिति के द्वारा सतनाम प्रांगण स्थित साची स्तूप की तर्ज में बने 57 फिट ऊंचे जैतखाम में समिति के उपाध्यक्ष विजय दिवाकर ने पालो चढ़ाया। इसी प्रकार टीपी नगर चौक में पालो आरडी भारद्वाज और प्रांगण में बने पुराने जैतखाम में विनोद डहरिया के द्वारा पालो ध्वज चढ़ाया गया।

### सतनाम प्रांगण के मेले में रही धूम

सतनाम प्रांगण में पहली बार गुरु की 267 जयंती समारोह के अवसर पर बच्चो से लेकर बड़ों के लिए झूले लगाए गए थे। झूले में ब्रेक डांस, ड्रेगन ट्रेन, हवाई झूला बच्चो का, मिक्की माउस डांस में भी बच्चो ने मेले का खूब आनंद उठाया। मेडिकल कैंप भी लगाया गया था जिसमे लोगो ने अपना स्वास्थ परिक्षण किया।

### प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में बांटा गया फल व कंबल



बाबा गुरु घासीदास की जयंती के अवसर पर हरदीबाजार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीज को फल वितरण एवं जरूरतमंद बुजुर्गों को कंबल वितरण किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र की जनपद सदस्य अनिल टंडन ने बताया है कि बाबा के बताए हुए मार्ग पर चलने, नशा से दूर रहने, अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा देने, सात्विक खान-पान रखना, आपसी भाईचारा बनाए रखने, बाबा के बताए हुए मार्ग पर चलने की बात कही। इस अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में शांतिलाल टंडन, लक्ष्मी बंजारे, कांति बाई मधुकर, डां श्याम लाल भीमराव अंबेडकर सेवा समिति के अध्यक्ष दूजे राम टंडन, शंकु लाल, अनसूया राठौर, डॉ. युधेश सांडे, डॉ. मांझी, डॉ. सुधा महंत, नर्स प्रीति देवांगन, कृति मनहर, नरेश चौहान, अजय गायकवाड, पत्थर सिंह, सुनील टंडन, दीपक टंडन, गोवर्धन प्रसाद, मोहित राम पाटले, धनराम चंद्राकार आदि उपस्थित रहे।

### रचनात्मक एवं सराहनीय कार्य करना चाहिए : मनीराम



गुरु घासीदास बाबा की जयंती में समाज के द्वारा विभिन्न प्रकार के आयोजन किया जाता है। जिसमें हम सभी बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं। हमें सदैव गुरु घासीदास बाबा जी के दिखाए हुए मार्ग पर चलते हुए रचनात्मक एवं सराहनीय कार्य करना चाहिए ताकि बाबा जी की संदेश जन-जन तक पहुंचे एवं उनका आशीर्वाद सभी को प्राप्त हो। उक्त बातें सतनामी सजाम के के प्रदेश अध्यक्ष मनीराम जांगड़े कहा कि गुरुघासी दास जयंती समारोह के दौरान कही। गुरु पर्व गुरु घासीदास की 267वी जयंती के अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी अखिल भारतीय सतनामी युवा कल्याण समिति के द्वारा मनाया जाता है। समिति द्वारा आयोजित सभी वर्ग एवं समुदाय के द्वारा भूरी भूरी प्रशंसा किया। सर्वप्रथम जिला चिकित्सालय में स्वास्थ्य लाभ ले रहे बच्चों को पोषण युक्त खाद्य सामग्री व फल का वितरण किया गया। इसके अलावा कुष्ठ आश्रम के वृद्धजनों को सतनाम प्रसादी के रूप में भोजन कराया गया। तत्पश्चात प्रशांत वृद्धाश्रम सर्वमंगला मंदिर में पहुंचकर समिति के पदाधिकारियों के द्वारा फल वितरण किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मेडिकल कॉलेज के सहायक अधीक्षक डॉ रविकांत जाटवर उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि ग्रुप में डॉ रामगोपाल कुर्रे, सुरेश धारी, दादू लाल मनहर, रवि खूंटे उपस्थित रहे। आभार व्यक्त दिनेश कुर्रे ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीमती पुष्पा पात्रे, नरेश टंडन, अशोक पाटले, लखन लहरे, शिवकुमार दिवाकर, खोलबहरा, रत्नाकर, सुरेश महिलांगे, तुलेश्वर बंजारे सहित समाज के पदाधिकारी मंचस्थ रहे।

### कांग्रेस कार्यालय में मनाया गया गुरू घासीदास जयंती



जिला कांग्रेस कार्यालय में बाबा गुरू घासीदास जयंती मनाया गया। इस अवसर पर सतनाम समाज कल्याण समिति के जिला अध्यक्ष एवं जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री यूआर महिलांगे ने कहा कि गुरु घासीदास ने अपने उपदेशों के माध्यम से दुनिया को सत्य, अहिंसा और सामाजिक सद्भावना की मार्ग दिखाया, उनका जीवन दर्शन और विचार मूल्य आज भी प्रासंगिक और समस्त मानव जाति के लिए अनुकरणीय है। जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष अवधेश सिंह ठाकुर ने बताया बाबा गुरू घासीदास अपने बालपन से ही इन भेदभाव को देख रहे थे। उनके मन में बहुत पीड़ा होती थी। तब उन्होने समाज में छुआछुत के भेदभाव को मिटाने के लिए मनखे-मनखे एक सामान का संदेश दिया। जिसका समाज में कारगार प्रभाव पड़ा। जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री लक्ष्मीनारायण देवांगन ने बताया कि बाबा गुरु घासीदास को सतनाम समाज का जनक कहा जाता है। बाबा के उपदेशों व संदेशों को जिन्होंने आत्मसात कर जीवन में उतारा उसी समाज को आगे चलकर सतनाम समाज के रूप में जाना जाने लगा। इस मौके पर महेन्द्र सिंह चौहान, अविनाश बंजारे, नारायण कुर्रे, एडी जोशी, नारायण अग्रवाल, अमरूदास महंत, जीवन चौहान, त्रिवेणी मिरी, सीमा कुर्रे, छत्रपाल कुर्रे, गणेश राम खुंटे, दीपक टंडन, रामानंद भास्कर, अरूण कुर्रे, मनोज मधुकर, प्रदीप गवास्कर, दिनेश खुंटे, ईश्वर चेस्कर, छनी लहरे, रामायण दिवान, सुरेश कुमार अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

# क्रिसमस की तैयारियों में जुटा मसीही समाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बात**

- प्रत्येक चर्च मे हो रही कैरोल सिंगिग



कैरोल सिंगिंग करते मसीही समाज।

दिसंबर माह आते ही मसीही समाज में एक अलग उमंग देखी जाती है। दिसंबर माह आते ही मसीही लोगो के घरों व चर्चो में पुताई रंगाई का काम प्रारंभ हो जाता है तो वहीं दुसरी तरफ चर्चो को दुल्हन की तरह सजाया भी जा रहा है।

शहर के व्यापारिक हृदय स्थल व प्रशासनीक चौक कोसाबाड़ी रोमन कैथोलिक चर्च, कोरबा का ब्रिटिश समय का निर्मित मिशन कंपाउंड स्थित मेनोनाईट चर्च को भव्य रूप से सजाया जाता है। इसके आलावा एसईसीएल मेनोनाईट चर्च, निहारिका स्थित चर्च ऑफ क्राईस्ट, कृष्णा नगर रोमन कैथोलिक चर्च के आलावा रामपुर आईटीआई चौक स्थित प्रार्थना भवन चर्च के साथ-साथ उपनगरीय क्षेत्र बालको, रजगामार, दीपका, बांकीमोगरा, कुसमुंडा, पाली, कटघोरा, पोड़ी-उपरोड़ा दर्री में क्रिसमस की धूम प्रारंभ हो चुकी है। ईसाई समुदाय में दिसंबर के 10 तारीख से ही कैरोल सिगिंग के लिए प्रत्येक चर्च के जवान युवक-युवतियां बुजुर्ग बच्चें सभी के घरों में जाकर मसीही गाना गाकर प्रार्थना करते है। दिसंबर माह में कई चर्च में कैंप फायर का भी आयोजन किया जाता है। कैरोल सिगिंग निकलने का मुख्य उद्देश्य यह माना जाता है यीशु के जन्म के पूर्व लोगो को के घरों में जाकर यीशु के जन्म के बारे में संदेश देते है कि आज प्रभु यीशु जन्में है हम सभी को उद्धार व पापियों को बचाने के लिए आएं है। इस खुशी की संदेश देने के लिए सभी मसीही के घरों में जाकर चर्च के पास्टर कलीसियां के लोगो के साथ जाकर मसीही गाना बाजा कर बड़े उमंग के साथ नाचते झूमते हैं।

# सेंट थॉमस स्कूल का वार्षिक उत्सव संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सेंट थॉमस इंग्लिश मीडियम स्कूल हाउसिंग बोर्ड ने 17 दिसंबर को वार्षिक उत्सव उत्सव वाटिका में मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि राजेश कुमार सिंह डिप्टी सीईओ मेटल, शासकीय पीजी कॉलेज के पूर्व प्राचार्य राजेश कुमार सक्सेना, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल प्राचार्या डॉ निरुपमा तिवारी मंचस्थ थे। मंच संचालक सुनीता साहू एवं नीतू सिंह ठाकुर ने किया। अतिथियों का स्वागत प्राचार्या प्रियंका सेठिया, सचिव राहुल सेठिया द्वारा बुके भेंटकर किया। तत्पश्चात सरस्वती वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत की गई। प्राचार्या ने अपने संक्षिप्त भाषण में विद्यालय एवं विद्यार्थियों के विकास पर उद्बोधन दिया। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा शैक्षणिक सत्र 2022-23 में प्रथम सूची द्वितीय सूची एवं तृतीय सूची में प्रथम आने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। नर्सरी से लेकर कक्षा 8वीं तक के नन्हें मुन्नें बच्चों छात्र-छात्राओं द्वारा मनमोहक प्रस्तुति 3 सौ प्रतिभागी यो ने प्रस्तुति दी गई। जिसमें अभिभावकों ने तालियों से उत्साहवर्धन किया। आभार व्यक्त शिक्षिका फराह ने किया। इस दौरान फूड स्टॉल को भी अच्छा प्रतिशत मिला। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान गाकर किया गया।

## पृष्ठ 1 का शेष

### दिसंबर चंद दिन...

में बने हेल्प डेस्क में तैनात जवानों को शिकायत कॉपी दे देते हैं पावती लेकर वापस लौट जाते हैं। ऐसे में पुलिस की वरिष्ठ अफसर द्वारा उन शिकायतों को संबंधित थाना और चौकी प्रभारी को जांच के लिए मार्क किया जाता है और एसपी ऑफिस के माध्यम से यह शिकायत की कॉपी थानेदार के पास जाता है जहां संबंधित थानेदार बीट के आधार पर जांच अधिकारियों को शिकायत के जांच के लिए व निराकरण के लिए तो देते हैं। जहां यह बात सामने आती है कि शिकायतकर्ता का या तो नाम सही नहीं होता है या फिर उसे शिकायत की कॉपी में शिकायतकर्ता का मोबाइल नंबर नहीं होता है ना ही पूर्ण पता होता है। गांव या मोहल्ले का नाम लिखकर ही शिकायत को दे दिया जाता है ऐसी स्थिति में जांच अधिकारी को शिकायतकर्ता को खोजना टेढ़ी खीर हो जाती है और ऐसे में जांच पेंडिंग चला जाता है। जिसकी वजह से शिकायत लगातार बढ़ती चली जाती है और उन मामलों का निराकरण भी नहीं हो पता है। दिसंबर का महीना कुछ दिन ही विशेष हैं। ऐसे में लगातार अधिकारी कर्मचारी शिकायतों का निराकरण करने में लगे हुए हैं ऐसी इस तरह की शिकायतों के निराकरण में उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### नशे में धुत...

तीन कार और दो स्कूटी को टक्कर मारी। इस घटना में स्कूटी सवार एक व्यक्ति घायल हो गया। सुबह हुए हादसे के दौरान रास्ते पर आवाजाही सामान्य रूप से थी। घटना के बाद दुर्घटना में घायल स्कूटी सवार को अस्पताल भेजा गया। संयोग यह रहा कि चार अन्य गाडियां जो स्वीफ्ट की चपेट में आई, उससे संबंधित लोगों को कोई खास चोट नहीं आई। दर्री थाना प्रभारी ने बताया कि दुर्घटनाकारित करने वाले वाहन को मौके से हटवाने की कार्रवाई की गई है जो इस दौरान पेड़ से जा टकराई थी। उसके चालक को यातायात नियमों से खिलवाड़ करने और लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने के मामले में गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

# श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति के साथ रामेश्वरम धाम रवाना होगा श्रद्धालुओं का जत्था 23 से

**बिलासपुर।** श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति के साथ रामेश्वरम धाम की धार्मिक यात्रा के लिए 1500 श्रद्धालुओं का जत्था 23 दिसंबर से रवाना होगा। इसमें विशेष प्रशिक्षित 80 सदस्य उनका मार्गदर्शन करेंगे। श्रद्धालुओं की अभिलाषा को श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति विगत 18 वर्षों की भांति इस साल भी शीतकालीन छुट्टियों के दौरान 23 दिसंबर से 2 जनवरी तक स्पेशल ट्रेन के माध्यम से दर्शन यात्रा पर ले जाने की तैयारी पूरी कर ली है।

80 प्रशिक्षित सेवकों की बदौलत पूरी यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को स्पेशल ट्रेन में सामान उतारने चढ़ाने की आवश्यकता नहीं पड़ती। यही वजह है देश के कोने से श्रद्धालुगण तीर्थाटन करने श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति को सभी समितियों में प्राथमिकता देते हैं। समिति के अनुभवी विशेष टूर मैनेजर पूरी यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के बीच गाइड की तरह मौजूद रहते हैं, जो उन्हें यात्रा के दौरान सभी धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों के महत्व से अवगत कराते हुए यात्रा को आनंददायी यादगार बनाते हैं। इस दौरान श्रद्धालुओं को मंदिर सहित अन्य पर्यटन स्थलों का दीदार कराने के लिए समिति की टू बाय टू की लग्जरी बस सभी रेलवे स्टेशन के बाहर सेवाओं के लिए तैयार रहती है। रामेश्वरम धाम तीर्थ यात्रा में श्रद्धालुओं को श्री रामेश्वरम धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरुपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योर्तिलिंग, श्री मदुरई मीनाक्षी देवी, श्री कन्याकुमारी के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त होगा ।



### 11 दिनों की तीर्थयात्रा के लिए 80 प्रशिक्षित टीम तैयार

रामेश्वरमधाम की 11 दिनों की तीर्थयात्रा में समिति के अनुभवी स्टाफ उच्चस्तरीय सेवाएं प्रदान करने तैयार हैं। जिसमें 1500 श्रद्धालुओं के जत्थे को दर्शन कराने श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति बुकिंग पूरी कर तैयारियों को अंतिम रूप दे रही है। जिसमें स्लीपर की सहयोग राशि 16 हजार 500 रुपए , थर्ड एसी राशि 27 हजार 500 रुपए, सेकेंड एसी की सहयोग राशि 32 हजार 500 रुपए विद 5 प्रतिशत जीएसटी रखी गई है।

### 23 कोच वाली स्पेशल ट्रेन की मिली मंजूरी

धार्मिक यात्राओं को देखते हुए रेलवे समिति को 23 कोच वाली स्पेशल ट्रेन की मंजूरी मिल गई है। जिसमें 15-स्लीपर, 3- थर्ड एसी,सेकेंड एसी -2, 1-पैंट्रीकार सहित 2 एसएलआर की सुविधा उपलब्ध रहेगी। जिसमें समिति 1500 तीर्थयात्रियों को रामेश्वरम धाम की यात्रा कराकर उनका जीवन धन्य बनाने की संकल्प के साथ तैयारियों में जुटी है। जिसमें श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए रसोइयों की टीम, वेटर, कोच मैनेजर यात्रा के दौरान उपलब्ध रहेंगे।

### सेंधमारी का किया प्रयास

**कोरबा।** थाना सिविल लाईन रामपुर क्षेत्र अंतर्गत कोसाबाड़ी चौक स्थित राधिका ज्वेलर्स दुकान में बीती रात चोरों ने सेंधमारी का प्रयास किया था। अज्ञात चोर द्वारा दुकान के पीछे से दीवार को तोड़कर अंदर घुसने का प्रयास किया लेकिन इसमें चोर सफल नहीं हो सके। सिविल लाइन थाना पुलिस की रात्रि गश्त के कारण बड़ी चोरी की घटना अंजाम नहीं दे पाए। जब रामपुर पुलिस को इसकी सूचना मिली तो तत्काल रात में ही दुकान संचालक को इसकी सूचना दी और चोरों को पकड़ने का प्रयास किया लेकिन अंधेरे का फायदा उठाकर चोर फरार हो गए। इससे पहले भी एक बार इसी दुकान में चोरी का प्रयास किया गया था।

Health Town
मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी) पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : कटोरा तालाब स्वपनिल नर्सिंग होम के पास मो. 9406004581
बिलासपुर : सीएलसी प्लाजा, मंगला चौक, रतन लस्सी के पास, मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

## खबर संक्षेप

### प्रदेश पंचायत सचिव संघ ब्लॉक इकाई के विजय, हसन व राम बने अध्यक्ष





**कोरबा।** प्रदेश पंचायत सचिव संघ जिलाध्यक्ष धरम भारद्वाज के नेतृत्व में पोड़ी-उपरोड़ा, पाली व कोरबा जिला इकाई के ब्लॉक सचिव संघ का चुनाव हुआ। वहीं 17 दिसंबर को करतला तथा 24 दिसंबर को कटघोरा ब्लॉक का चुनाव होगा। कोरबा ब्लॉक हेतु नियुक्त निर्वाचन अधिकारी अमित कुमार अग्रवाल व सहायक निर्वाचन अधिकारी ओमप्रकाश भास्कर ने निर्वाचन सम्पन्न कराया। निर्धारित अंतिम समय तक अध्यक्ष पद नामांकन न आने के कारण मनोनयन कर कोरबा ब्लॉक से सचिव संघ के अध्यक्ष विजय कुमार एक्का, उपाध्यक्ष ममता सोनी व धन सिंह, सचिव गनपत सिंह कंवर, कोषाध्यक्ष राजकुमार किस्पोट्टा को चुना गया। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इसी तरह पोड़ी-उपरोड़ा ब्लॉक से सचिव संघ के अध्यक्ष मो. हसन अली, उपाध्यक्ष मोहन श्याम व रविन्द्र कुमार श्याम, सचिव राजेन्द्र पेन्द्रो, कोषाध्यक्ष चतुर भुवन सिंह व पाली ब्लॉक से सचिव संघ के अध्यक्ष राम कुमार टेकाम, उपाध्यक्ष पूनम बैसवाड़े व बिसाहू सिंह राज, सचिव बिशोक सिंह सिदार, कोषाध्यक्ष सम्मार सिंह टेकाम को बनाया गया है। इस अवसर पर पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष, सचिव समेत अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

### लीडरशीप एवं टीम डायनामिक्स पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला



**कोरबा।** एसईसीएल सीएमडी डॉ प्रेम सागर मिश्रा द्वारा की गयी पहल मिशन नचिकेता के अंतर्गत एसईसीएल कोरबा क्षेत्र में एसआरसी क्लब-कोरबा क्षेत्र में लीडरशीप एवं टीम डायनामिक्स पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन कराया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि हिमांशु डोंगरे आईएफएस कोरबा वन मंडल द्वारा वन्यजीव सरंक्षण पर रोचक जानकारी प्रदान की साथ ही बताया कि पृथ्वी को सभी के लिए बेहतर रहने के लायक कैसे बनाया जाए। कार्यशाला में शैख़ ज़ाकिर हुसैन मुख्य प्रबंधक खनन, एसईसीएल मुख्यालय द्वारा लीडरशिप एवं टीम डायमिक्स विषय पर उपस्थितों को संबोधित किया गया। इस अवसर पर टीम बिल्डिंग पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी, जिसमें कोरबा क्षेत्र के अधिकारीयों व कर्मचारियों ने बड़े ही उत्साह के साथ हिस्सा लिया। इस कार्यशाला का सफ़ल संपादन कोरबा क्षेत्र के महाप्रबंधक दीपक पंड्या के मार्गदर्शन में पर्यावरण व वन विभाग क्षेत्रीय मुख्यालय कोरबा क्षेत्र द्वारा कराया गया। कार्यक्रम का संचालन विनोद सिंह, मैनेजर (कार्मिक), कोरबा क्षेत्र एवं आभार ज्ञापन नोडल अधिकारी वन एवं पर्यावरण स्वप्निल सुमन द्वारा किया गया।

### खदान से डीजल की चोरी, मामला दर्ज

**कोरबा।** एसईसीएल खदान में पदस्थ सुरक्षा प्रभारी धना राम सूर्यवंशी 52 वर्ष पिता स्व दाउ राम सूर्यवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि गेवरा खदान के बीटू कोल स्टाक में खडी पीसी क्रमांक 178 से दो अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा 35-35 लीटर वाली प्लास्टिक के जरिकेनो में डीजल चोरी कर भर कर बोलेरो क्रमांक सीजी 12 बीडी 2071 में भरते समय सीआईएसएफ क्युआरटी टीम को देख कर भागते समय बोलेरो वाहन कोयले के ढेर से टकराकर क्षतिग्रस्त होने से दोनों चोर बोलेरो वाहन को गेवरा खदान में छोड़कर भाग गये। धनाराम की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर खोजबीन शुरु कर दी है।

## शुरु किया गया नाम बदलने का काम, राज्य शासन से स्वास्थ्य विभाग को मिला निर्देश

# अब हेल्थ वेलनेस सेंटर कहलाएंगे आयुष्मान आरोग्य मंदिर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में स्वास्थ्य विभाग के संचालित हेल्थ वेलनेंस सेंटर अब आयुष्मान आरोग्य मंदिर के नाम से पहचाने जाएंगे। राज्य शासन से मिले इस निर्देश के तहत जिले में चलने वाले हेल्थ वेलनेंस सेंटर और पुराने उप स्वास्थ्य केंद्रों में नए नाम लिखने का काम स्वास्थ्य विभाग ने मैदानी स्तर पर शुरु कर दिया है। इस आशय के निर्देश राज्य शासन द्वारा दिसंबर माह के प्रथम सप्ताह में जारी किए गए हैं और उस पर अमल भी शुरु हो गया है।

उप स्वास्थ्य केंद्र और हेल्थ वेलनेंस सेंटर जैसे नाम अब केवल इतिहास के पन्नों में दर्ज हो जाएंगे। अब इनकों आम जनता नए नाम से जानेंगी। केंद्र सरकार की ओर से राज्य सरकार से मिले नए निर्देश के तहत उप स्वास्थ्य केंद्रों के नाम को अब बदलने का काम शुरु हो गया है जो नया नाम स्वास्थ्य विभाग को भेजा गया है वह आयुष्मान आरोग्य मंदिर, आरोग्य परम धरम ना दिया गया है। नए




फाइल फोटो

नाम मिलने के बाद उप स्वास्थ्य केंद्रों की तस्वीर भी बदलने की तैयारी की गई है। अब इस नाम से ही शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित सभी उप स्वास्थ्य केंद्र व हेल्थ वेलनेंस सेंटर पहचाने जाएंगे। उप स्वास्थ्य केंद्रों में इनके नाम लिखने का काम भी स्वास्थ्य विभाग के द्वारा शुरु कर दिया गया है। इस समय जिले में 5 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहित 40 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और 184 उप स्वास्थ्य केंद्र जिले में संचालित हैं। इनमें सीएचसी और पीएचसी को छोड़कर ग्रामीण अंचलों में संचालित उप स्वास्थ्य केंद्र और शहरी क्षेत्रों के हेल्थ वेलनेंस सेंटर के ही नाम बदले जा रहे हैं। नाम बदलने के साथ साथ इन्हें सर्वसुविधायुक्त भी बनाया जाएगा। सामानों की सप्लाई के साथ साथ चिकित्सा कर्मचारियों की तैनाती एवं जिन क्षेत्रों में विभाग की कमी बनी हुई है वहां के लिए नई भर्ती भी की जाएगी। मेडिकल किट के साथ साथ उप स्वास्थ्य केंद्रों में मरीजों के लिए बेड आदि की भी व्यवस्था स्वास्थ्य विभाग के द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। इनके लिए नए सेटअप का भी प्रस्ताव जिले के स्वास्थ्य विभाग से मांगा गया है। पुराने उप स्वास्थ्य केंद्रों को नए साझ सज्जा के साथ अपडेट भी किया जा रहा है। अधिकांश ग्रामीण अंचलों में संचालित होने के कारण स्थितियां जर्जर बनी हुई है। ऐसे उप स्वास्थ्य केंद्रों के लिए नया भवन बनाने का भी प्रस्ताव तैयार किया गया है। शासन से स्वीकृति मिलने के बाद जर्जर भवन में चलने वाले उप स्वास्थ्य केंद्रों को नए भवनों में शिफ्ट किया जाएगा।

### केंद्रों से मांगी गई जानकारी

उप स्वास्थ्य केंद्रों से वहां आवश्यक सामग्रियों की भी जानकारी मंगाई गई है। सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और विकासखंड चिकित्सा अधिकारियों को इस संबंध में निर्देशित किया गया है कि उनके क्षेत्रों में संचालित उप स्वास्थ्य केंद्रों के लिए आवश्यक चिकित्सा सामग्री जिनकी कमी बनी हुई है उनकी सूची विभाग को प्रेषित करें ताकि प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा जाए और वहां आवश्यक समझे जाने वाली चिकित्सा सामग्रियों को उपलब्ध कराया जा सके। सबसे ज्यादा स्थिति दूरस्थ ग्रामीण अंचलों में संचालित उप स्वास्थ्य केंद्रों की है जहां समय पर ग्रामीणों को प्राथमिक सुविधा भी विभागीय कर्मियों के कमी के कारण उपलब्ध नहीं हो पाती। ऐसे केंद्रों में आवश्यक संसाधनों का आभाव बना रहता है।

### शासन का आदेश आ गया

उप स्वास्थ्य केंद्र का नाम अब बदल गया है। नया नाम आयुष्मान आरोग्य मंदिर, आरोग्य परम धरम नाम दिया गया है। शासन के इस आदेश के तहत नया नाम लिखने का काम भी ग्रामीण अंचलों के उप स्वास्थ्य केंद्रों एवं शहरी क्षेत्रों के हेल्थ वेलनेंस सेंटरों में शुरु कर दिया गया है। शासन के निर्देश के तहत इन केंद्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं भी बढ़ाई जाएंगी।

**-एसएन केशरी,** सीएचएमओ

### मिली दो लाख जीवन ज्योति बीमा की राशि



**हरदीबाजार।** पुरानी बस्ती निवासी परशुराम कैवर्त के पुत्र दीपक कैवर्त का 18 वर्ष के आयु में आकस्मिक मृत्यु 17 सितंबर को हो गया था, जिसका खाता छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक में प्रधान मंत्री जन धन खाता बैंक मित्र सूरज जायसवाल के द्वारा खोला गया था और बीमा किया गया था। नॉमिनी के तौर पर बहन पूनम कैवर्त थी जो की शासन के योजना के तहत प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा से दो लाख रूपए की अनुदान राशि बैंक मित्र सूरज जायसवाल एवं ब्रांच मैनेजर अमित कुमार, बैंक मित्र श्रीमती संध्या राठौर के सहयोग से किया गया, ऐसे तो शासन की योजनाओं के तहत अनेकों प्रकार की गरीबो के लिए सहयोग प्रदान किया जा रहा है। बैंक मित्र सूरज जायसवाल ने आम जनताओ से अनुरोध किया है कि अपनी नजदीकी बैंक में जाकर शासन की योजनाओं का लाभ लेते हुए जन धन योजना के तहत अपना खाता खुलवाए।

## कटघोरा पुलिस ने एनएसएस कैम्प में छात्राओं को बताई अभिव्यक्ति एप की खासियत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

महिलाओं की सुरक्षा के लिए अभिव्यक्ति एप छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग द्वारा तैयार किया गया है। जिसे लेकर कटघोरा पुलिस ने सोमवार को कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र कटघोरा के राष्ट्रीय सेवा इकाई एनएसएस कैम्प विजयपुर में छात्र छात्राओं को इस एप की खासियत को बताई। कटघोरा थाना प्रभारी तेजकुमार यादव ने बताया कि इस एप के माध्यम से महिलाओं को तत्काल सहायता मिलेगी। कहीं से भी अपनी शिकायत पुलिस के पास दर्ज करा सकेंगी। यानी अब महिलाओं को थाने जाने की भी जरूरत नहीं पड़ेगी। इसके



स्कूली छात्रों को जानकारी देते पुलिस।

अलावा महिलाएं अब अपनी सुरक्षा को लेकर सुझाव भी पुलिस विभाग तक पहुंचा सकेंगी। उन्हें बताया गया कि प्ले स्टोर से अभिव्यक्ति महिला सुरक्षा एप डाउनलोड करना है। इसमें उन्हें साइन इन करना है। अपना मोबाईल नंबर डालना है। इसके बाद ओटीपी आएगा उसे एप में डालना है। केवायसी अपडेट करना है। इसमें बलात्कार, छेड़छाड़, घरेलू हिंसा, मारपीट, टोनही प्रताड़ना, दहेज प्रताड़ना, अपहरण, मानव तस्करी, एसिड अटैक, अवयस्क के साथ लैंगिक उत्पीड़न, कार्य स्थल पर लैंगिक उत्पीड़न, साइबर अपराध व अन्य शिकायत दर्ज करा सकती हैं। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ आर के भारद्वाज के साथ लगभग 20 बालिकाएं व 35 बालक उपस्थित थे। साथ ही नशा मुक्ति को लेकर बताया कि नशा शारीरिक समस्याओं के साथ ही आर्थिक और सामाजिक स्तर पर भी नुकसान का कारण बनता है। बच्चों को नशा नहीं करने का संकल्प व इसके दुष्प्रभाव के बारे में भी बताया गया तथा वाहन चलाते समय हेलमेट लगाने की आवश्यकता को बताया गया। इस अवसर पर कटघोरा थाना प्रभारी तेजकुमार यादव, आरक्षक महेंद्र चंद्रा, महिला आरक्षक रामेश्वरी कंवर उपस्थित रहे।

### सीएम से मुलाकात...




**हरदीबाजार।** कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक प्रेमचंद पटेल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। श्री पटेल ने मुख्यमंत्री को कोरबा जिले के कटघोरा विधान सभा क्षेत्र में आने के लिए आमंत्रित भी किया। इस अवसर पर उन्होंने कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के विकास को लेकर श्री साय से विचार विमर्श भी किया। उधर नगर पालिक निगम कोरबा के नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल ने भी विगत दिनों रायपुर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर कोरबा के विकास के संदर्भ में चर्चा की।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा की हुई शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

विकसित भारत संकल्प यात्रा अब घूमने लगा गांव गांव में सोमवार से ढेलवाडीह में विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम आयोजित की गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा जो जो योजनाएं किया जा चुका है व जो जो योजनाएं प्रारम्भ किया गया है उन सभी को गाड़ी में एलईडी स्क्रीन के माध्यम से सभी जगह घूम घूमकर लोगों को योजनाओं के बारे में बताया जा रहा है।

जनपद सदस्य श्रीमती राधिका साहू के द्वारा पूजा अर्चना कर व फीता काटते हुए वेन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अनिता कंवर सरपंच ढेलवाडीह, यशपाल सिंह सीईओ जनपद पंचायत आईपी कश्यप बीईओ, डॉ रुद्रपाल सिंह कंवर बीएमओ, तहसीलदार भूषण सिंह मंडावी, एसडीओ कृषि विभाग भारती, जनपद सदस्य रामप्रसाद कोराम, संजय शर्मा भाजपा जिला मंत्री, डाकेश्वर शुक्ला जिला मंत्री राजेन्द्र टण्डन महामंत्री, अजय धनोंदिया कोषाध्यक्ष तत्पश्चात कर्मचारियों के द्वारा मंचस्थ अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेंटकर अभिनंदन किया। सीईओ ने बताया कि शासन के जन कल्याणकारी योजनाओं को अब हर पंचायत के लोगों तक पहुंचाना है शासन के सभी विभाग स्वास्थ विभाग, कृषि विभाग,






कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथिगण एवं उपस्थित ग्रामीण।

आंगनबाड़ी, राजस्व विभाग, आयुर्वेद विभाग, जनपद, शिक्षा विभाग के अधिकारियों के द्वारा कार्यक्रम स्थल पर केम्प लगाया गया था जिसमें गरीब वर्ग के लोगों का तत्काल समाधान किया जा रहा था। कार्यक्रम स्थल पर कई ग्रामीणों के 5 लाख रुपये का आयुष्मान कार्ड, बनाया गया जिसे मंच से भेंट किया गया। इस अवसर पर मनोज सोनी, राजेश साहू, बद्री गर्ग, प्रकाश पैकरा सहित सभी अधिकारी कर्मचारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भूगर्भ शास्त्र विभाग के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

शासकीय ग्राम्य भारती कालेज हरदीबाजार के एमएससी प्रथम वर्ष, एमएससी द्वितीय वर्ष और बीएससी तृतीय वर्ष के छात्रों को भूवैज्ञानिक भ्रमण हेतु महादेव पर्वत के समीप स्थित रानी झरना तथा सतरेंगा झील का भ्रमण कराया गया। शैक्षणिक भ्रमण, सहा. प्रध्यापक आदित्य सिंह बाघेल के नेतृत्व में विभाग के अन्य सभी सहा. प्रध्यापक तथा कर्मचारी की उपस्थित व सहयोग से सम्पन हुआ। सहा० प्रध्यापक आदित्य सिंह बघेल ने छात्रों को क्षेत्र के स्तर विज्ञान, चट्टानों की लियोलाजी, बलुआ पत्थर तथा शेल में उपस्थित संरचनाओ को विस्तार में बताया तथा छात्रों को वर्णन कर पहचान कराई। इसके पश्चात सहा. प्रध्यापक लेख नारायण साहू ने छात्रों को बंटन कम्पास तथा क्लाइनोमीटर की सहायता से संस्तर की नति निकालना सिखाया। सहा. प्रध्यापक स्वी तिवारी ने छात्रों को जल प्रपात निर्माण के बारे में बताया तथा सहा० प्रध्यापक प्रकाश मिरी ने सतरेंगा का मानव जीवन में महत्व पर विस्तार से चर्चा कर इंजीनियरिंग संरचना बांध के लाभ बिदुओ पर प्रकाश डाला। सम्पूर्ण छात्रो ने शैक्षणिक भ्रमण के उपरांत अखिलेश पाण्डेय प्राचार्य शासकीय ग्राम्य भारती कालेज हरदीबाजार व समस्त सहा० प्रध्यापकों के सहयोग पर आभार जताया।



हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## एचटीपीपी कोरबा-पश्चिम ने बिलासपुर संभाग को दी शिकस्त, जीता खिताब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अंतर क्षेत्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट में विजेता का खिताब जीतकर उत्पादन कंपनी में एचटीपीपी कोरबा-पश्चिम ने अपना परचम लहराया है। कोरबा-पश्चिम के खिलाड़ी अमन किशोर को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट और बिलासपुर क्षेत्र के राकेश राठौर को सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर चुना गया। दोनों ही खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया। एचटीपीपी कोरबा-पश्चिम की मेजबानी में दर्री स्थित लाल मैदान में अंतर क्षेत्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्षेत्रीय कला व क्रीड़ा परिषद के चार दिनी इस स्पर्धा में राज्य बिजली कंपनीज के 8 क्षेत्रों की टीम ने भाग लिया। बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए फाइनल मुकाबले में एचटीपीपी कोरबा-पश्चिम ने 4-0 से बिलासपुर संभाग को शिकस्त देकर विजेता का खिताब जीता। पूरे टूर्नामेंट के दौरान सबसे ज्यादा 11 गोल करने वाले एचटीपीपी कोरबा-पश्चिम के खिलाड़ी अमन किशोर को प्लेयर ऑफ द



टूर्नामेंट और बिलासपुर क्षेत्र के राकेश को सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का पुरस्कार दिया गया। एचटीपीपी कोरबा-पश्चिम के मुख्य अभियंता संजय शर्मा ने विजेता, उपविजेता टीम के अलावा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में एचटीपीपी कोरबा-पश्चिम की क्षेत्रीय क्रीड़ा व सांस्कृतिक परिषद के अध्यक्ष राजेश कुमार पांडे, सचिव सतीश बरदिया, उप सचिव हर्षल विश्वकर्मा, अविनाश पाठक, शशांक कर्महे का योगदान रहा।

## पुरैना में मनाया गया गौरी-गौरा महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ मड़वारानी

करतला विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पुरैना (मड़वारानी) पहरीपारा में महिला समूह के द्वारा गौरी गौरा कार्यक्रम का आयोजन रखा गया। सर्वप्रथम आए हुए सभी अतिथियों का फूल माला से स्वागत किया गया। इसके पश्चात कार्यक्रम को प्रारंभ किया गया। यह गौरी गौरा कार्यक्रम को देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन पहुंचे थे कर्म एवं मदार की धुन से गौरी गौरा का कार्यक्रम मनाया गया। जिममें मुख्य अतिथि लक्ष्मीबाई कंवर जनपद सदस्य करलता, सुरेश कुमार साहू उप सरपंच उपस्थित थे तथा मोहल्ले के विशेष सहयोगी



दिलीप कुमार पंच, बाबूलाल चौहान, सुखनंदन, सतीश, गुलाब ,गौतम, रवि, पवन, छोदू राम, अरुण, अखलेश, संतोष, जगत कुमार, प्रहलाद, एवं समस्त मोहल्लावासी और गांव के बैग बढ़ाई बड़गा एवं विशाहू बिंझवा तथा गांव के सभी ग्रामीण की उपस्थित में धूमधाम से मनाया गया।

पैसे बीमारी ठीक होने पर देना है

बढ़ती उम्र से तथा बी. पी. शुगर के कारण आई कमजोरी, टाइम ना बनना, शीघ्र पतन, धातु रोग, स्वप्न दोष,शुक्राणुओं की कमी, संतान ना होना, वैवाहिक जीवन में निराशा, लिंग में ढीलापन, पतलापन, टेढ़ापन, बचपन की गलतियां, हस्त मैथुन, डायबिटिज, गठिया वात, एलर्जी, अस्थमा, लीवर कमजोर आदि रोगों को विशेष आयुर्वेद पद्धति से ठीक किया जाता है।

मनचाहा सेक्स संबंध पूरी सफलता से प्राप्त करने हेतु एक बार अवश्य मिले

धनवन्तरी आयुर्वेदिक
नया बस स्टैण्ड के पास ब्लू डायमंड होटल के सामने, कोरबा (छ.ग.)
9922533222 समय 9 से 7 बजे

online Booking:-www.tripuryatra.com

स्लीपर मात्र 8,500/-

बिलासपुर, रायपुर से होकर
स्पेशल ट्रेन
12 फरवरी से 18 फरवरी 2024 तक

द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, स्टेच्यु ऑफ यूनिटी/माउंट आबू

ऑफर राशि : स्लीपर 8,500/-, 3 एसी-15,500/-, 2 एसी 19,500/- (+5% GST)

Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा

RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road

संपर्क करें:-73544-11411